समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# इस बार जल्द दस्तक देगा मानसून, सामान्य से ज्यादा होगी बारिश, मौसम विभाग ने जताया अनुमान।

Publisher

Published on 10 May 2025



## भारतीय मौसम विभाग ने बढ़ती गर्मी और तापमान के बीच राहत का अनुमान जताया है. मौसम विभाग ने कहा कि केरल मे इंस बार मानसून की शुरुआत पहले हो सकती है.

बढ़ती गर्मी और तापमान के बीच मानसून की राह तकी जाती है. जिसको लेकर भारतीय मौसम विभाग (IMD) की तरफ से मिली जानकारी के मुताबिक, इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून केरल में 27 मई के आसपास पहुंचेगा. हालांकि, इस अनुमान के साथ यह भी कहा गया है कि इस तारीख में चार दिन पहले या बाद में मौसम में बदलाव हो सकता है.

मानसून के केरल में पहुंचने को भारत में बारिश के मौसम की शुरुआत माना जाता है. यह मौसम गर्मी से राहत और खेती के लिए बहुत जरूरी होता है. आमतौर पर मानसून 1 जून को आता है, लेकिन इस बार मौसम वैज्ञानिकों ने मानसून के कुछ दिन पहले आने का अनुमान जताया है.

पिछले 5 सालों में मानसून की शुरुआत
साल 2020 में भारत में मानसून की शुरुआत 1 जून को हुई थी, साल 2021 में 3 जून, 2022 में 29 मई, साल 2023 में 8 जून और साल 2024 में भारत में मानसून ने 30 मई को दस्तक दी थी. वहीं, अब इस साल 2025 में मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने मानसून को लेकर 27 मई को लेकर अनुमान जताया है.

दिल्ली-NCR में भी बदला मौसम

शनिवार (10 मई, 2025) को दिल्ली-NCR में मौसम विभाग के अनुमान के तहत बारिश के साथ हल्की गरज शुरू हुई. बारिश के साथ ही हवा भी तेज रफ्तार से चली, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली. दिल्ली एनसीआर में 20-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं, जिससे मौसम ने करवट ली.

दिल्ली में दिल्ली कैंट, पालम, सफदरजंग, लोधी रोड, नेहरू स्टेडियम, IGI एयरपोर्ट, वसंत विहार, आरके पुरम, डिफेंस कॉलोनी, लाजपत नगर, वसंत कुंज, हौज खास, मालवीय नगर, कालकाजी, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, इग्नू, अय्यनगर, डेरा मंडी के इलाकों में शनिवार (10 मई) की दोपहर से मौसम बदला.

NCR के साथ हरियाणा और यूपी में भी बदला मौसम

वहीं, राष्ट्रीय राजधानी के क्षेत्र (NCR) में नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद में भी मौसम में बदलाव हुआ. हरियाणा के नरवाना, करनाल, असंध, सफीदों, बरवाला, पानीपत, गोहाना, गन्नौर, मेहम, सोनीपत, तोशाम, भिवानी, चरखी दादरी, मटाणहैल और कोसली में, जबकि उत्तर प्रदेश के शामली, कांधला, जट्टारी में भी हवा और हल्की बारिश के साथ मौसम में बदलाव हुआ.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.